अमर उजाला

स्वस्थ भारत यात्रा संभल के लिए रवाना

Fri, 18 Jan 2019

रामपुर। स्वस्थ भारत यात्रा संभल के लिए रवाना हो गई। प्रभारी जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन उमेश कुमार मंगला ने कलक्ट्रेट परिसर से स्वस्थ भारत यात्रा के साइकिल दल को हरी झंण्ी दिखाकर चंदौसी जनपद सम्भल के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत के लिए समाज के हर वर्ग को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा भी स्वस्थ भारत यात्रा में प्रतिभाग किया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामभरत तिवारी ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य शुद्ध खान पान की महत्ता एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट से बचाव के लिए प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करना है। नगर मजिस्ट्रेट ओम प्रकाश तथा जिला अभिहित अधिकारी चमन लाल आदि उपस्थित रहे।